बैडमिंटन और जिम्नास्टिक मुकाबले शुरू

33 शासकीय और निजी विद्यालयों के 70 खिलाड़ियों ने लिया भाग

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 22 जुलाई. जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में 70वीं जिला स्तरीय शालेय बैडमिंटन और जिम्नास्टिक प्रतियोगिताओं का बुधवार से आगाज हुआ. बैडमिंटन प्रतियोगिता सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर में शुरू हुई, जबकि जिम्नास्टिक के मुकाबले टी.टी. नगर स्टेडियम के जिम्नास्टिक हॉल में आयोजित किए गए.

दोनों प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के 33 शासकीय और निजी विद्यालयों के खिलाड़ी 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं. पहले दिन 14 और 17 वर्ष बालक वर्ग के पहले और दूसरे राउंड के मुकाबले खेले गए, जबकि 19 वर्ष बालक वर्ग के पहले राउंड के मैच भी संपन्न हुए. आयोजकों के अनुसार, शुरुआती दौर के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया. उधर जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में बाल भवन स्कूल, भावना भारती, शारदा विद्या मंदिर, मॉडल स्कूल टी.टी. नगर, अंकुर विद्यालय सहित अन्य स्कूलों के करीब 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया. 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स पोर्टल पर पंजीयन भी कराया गया. आयोजकों के मुताबिक, दोनों प्रतियोगिताएं तय कार्यक्रम के अनुसार आगे भी जारी रहेंगी.

संपत्तिकर बकायादारों की संपत्ति कुर्क करें

भोपाल. नगर निगम के नवीन मुख्यालय अटल भवन में बुधवार को समय सीमा कार्यों की समीक्षा बैठक हुई. निगमायुक्त संस्कृति जैन ने राजस्व सहित अन्य सभी कर वसूली की समीक्षा की. उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी करों की वसूली जल्द से जल्द करें. जिन्होंने पूर्व से कर जमा नहीं किया है उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए संपत्ति कुर्क कर तालाबंदी की कार्रवाई करें. करारोपण से छूटी संपत्तियों पर करारोपित कर नवीन खाते बनाने की कार्रवाई की जाए. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा, गंदगी, सीएंड डी वेस्ट फैलाने वालों कार्रवाई करें.

मंडीदीप में बिना अनुमति चल रहा है मेला

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

मंडीदीप, 22 जुलाई. नगर के वार्ड नंबर-1 में बिना किसी अनुमति के मेले और मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि मेले के संचालन के लिए न तो नगर पालिका से अनुमति ली गई है और न ही एसडीएम कार्यालय से कोई स्वीकृति प्राप्त की गई है.

जानकारी के अनुसार, निजी भूमि पर मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़े झूले और मनोरंजन से जुड़ी कई प्रकार की सामग्री लगाई गई है. ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं. इससे पहले भी गर्मी के मौसम में मार्च में इसी तरह का मेला आयोजित किया गया था, लेकिन उस समय बच्चों की परीक्षाओं को देखते हुए प्रशासन ने मेले की अनुमति निरस्त कर दी थी.स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले का संचालक कई बार नगर के नेताओं और कुछ लोगों के दबाव में आकर बिना अनुमति आयोजन करने का जोखिम उठाता है. इसके बावजूद प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के बाद भी मेले का संचालन होना सवाल खड़े करता है.

पहले भी हो चुके हैं हादसे

मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र में पहले भी मेले आयोजित हो चुके हैं, जिनमें कई हादसे सामने आए हैं. इसके अलावा विवाद और मारपीट के मामले भी थाने तक पहुंच चुके हैं. मेले के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी सामने आती रही हैं. मेले में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है. आयोजन स्थल के आसपास वाहनों की भीड़ बढ़ने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

इनका कहना है...

नगर पालिका से एसडीएम कार्यालय द्वारा अनुमति को लेकर अनुमोदन मांगा गया था, जिसे हमारे द्वारा भेज दिया गया है. हालांकि अनुमति मिली है या नहीं, इसकी जानकारी मुझे नहीं है.

सुधीर उपाध्याय, सीएमओ, मंडीदीप

मंडीदीप में आयोजित मेले की अनुमति हमारे द्वारा प्रदान नहीं की गई है. मेले का संचालन अवैध है.

चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीएम, गौहरगंज



करनदीप ने इंदौर व रायपुर में दी सोलो परफार्मेंस

भोपाल. राजधानी के युवा गायक, अभिनेता और संगीतकार करनदीप मट्टू अपनी आवाज़ के दम पर देशभर में पहचान बना रहे हैं. करनदीप अधिरोह बैंड के लीड सिंगर हैं और सूफी, पंजाबी व बॉलीवुड संगीत के अनोखे संगम के लिए जाने जाते हैं. करनदीप ने बैंड से अलग सोलो परफार्मेंस भी दी हैं और अब उनकी पहचान सोलो परफार्मर के तौर पर भी उभरकर सामने आई है. करनदीप ने हाल में इंदौर, आगरा और रायपुर में आयोजित बड़े संगीत कार्यक्रमों में प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी.

गुणवत्ता और बीआईएस प्रमाणन पर दिया जोर

भारतीय मानक ब्यूरो ने सागर में आयोजित की बैठक

नवभारत न्यूज

भोपाल, 22 जुलाई. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (डीटीआईसी), सागर के सहयोग से बुधवार को कलेक्ट्रेट सागर के सभाकक्ष में एमएसएमई बैठक का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में फर्नीचर, रसायन, उर्वरक, प्लास्टिक तथा अन्य संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े लगभग 100 एमएसएमई प्रतिनिधियों, उद्यमियों, निर्माताओं, उद्योग संघों एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच भारतीय मानकों, बीआईएस उत्पाद प्रमाणन तथा बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने के लाभों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना था. तकनीकी सत्र के दौरान मोहम्मद तौसीफ, वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक, बीआईएस भोपाल शाखा कार्यालय ने भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों एवं पहलों पर विस्तृत प्रस्तुति दी. उन्होंने बीआईएस उत्पाद प्रमाणन योजना, बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा आवेदन की चरणबद्ध प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की. साथ ही, उन्होंने एमएसएमई के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं रियायतों, जैसे मार्किंग शुल्क में छूट, सरलीकृत प्रमाणन प्रक्रिया तथा बीआईएस द्वारा प्रदान किए जाने वाले हैंडहोल्डिंग सहयोग के बारे में भी बताया. प्रतिभागियों ने गुणवत्ता नियंत्रण आदेश बीआईएस प्रमाणन प्रक्रिया, परीक्षण आवश्यकताओं, भारतीय मानकों के अनुपालन तथा लाइसेंसिंग प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे. मोहम्मद तौसीफ ने उद्योगों से भारतीय मानकों को अपनाकर उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, उपभोक्ता विश्वास सुदृढ़ करने तथा नए बाजार अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया.

4 घंटे बिजली गुल, कई इलाके प्रभावित

अचानक मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त, दोपहर में सप्लाई बहाल

निज संवाददाता

भोपाल, 22 जुलाई. श्यामला हिल्स और आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह करीब 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद रही. सीएम हाउस स्थित श्यामला हिल्स, प्रोफेसर कॉलोनी और सिविल लाइन जैसे क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

सुबह के समय बिजली जाने से घरों के कामकाज और दफ्तर जाने की तैयारी प्रभावित हुई.

स्थानीय लोगों के मुताबिक अचानक सप्लाई बंद होने से पानी की मोटर और जरूरी उपकरण भी बंद हो गए. कई घरों में इनवर्टर भी कुछ समय बाद जवाब दे गए, जिससे दिक्कत और बढ़ गई. बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की गतिविधियां भी प्रभावित रहीं.

इनका कहना है...

श्यामला हिल्स बिजली कंपनी के अधिकारी संजू उइके ने बताया कि रवींद्र भवन के पास अचानक मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी. इसी कारण सप्लाई बंद करनी पड़ी. टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत का काम किया और दोपहर तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई.

फुटपाथ पर अतिक्रमण न करने की दी हिदायत

एसडीओपी और टीआई ने किया पैदल मार्च

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 22 जुलाई.नगर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने ओर आमजन की सुविधा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सख्त नजर आ रहा है.

इसी क्रम में एसडीओपी वैशाली कराहलिया एवं थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने पुलिस दल के साथ बस स्टैंड इलाके का पैदल मार्च कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया. एसडीओपी वैशाली कराहलिया ने दुकानदारों, ठेला-संचालकों ओर वाहन चालकों को सख्त लहजे में समझाइश दी कि वे दुकानों के बाहर अवैध रूप से सामान न फैलाएं. फुटपाथ एवं सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े न करें. एसडीओपी ने बताया कि बस स्टैंड पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है. जिससे यात्रियों और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. सुगम यातायात की दृष्टिगत सभी दुकानदारों व हाथ ठेला संचालकों को सड़क पर सामान न रखने की हिदायत दी गई.

बैरसिया में जनसुनवाई में 4 समस्याएं निराकृत

बैरसिया. तहसील के सभागार में खंड स्तरीय जनसुनवाई हुई. जनसुनवाई में 18 आवेदन आए. एसडीएम शिवांगी बघेल ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और चार शिकायतों का मौके पर निराकरण किया. शेष को संबंधित विभाग प्रमुखों को भेज समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये. जनसुनवाई में तहसीलदार राजेंद्र त्यागी सहित बिजली विभाग से संघर्ष पाराशर, शिक्षा से बीआरसी रामकिधन गुर्जर, जनपद से राजेश राज, भगवान सिह विश्कर्मा, गौरव विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

समीक्षा बैठक आज

भोपाल. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार एवं समन्वय समिति की समीक्षा बैठक 23 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय में की जाएगी. बैठक में अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनी रत्न कंपनी)
क्षेत्रीय कार्यालय: शेखपुरा, राजाबाजार, पटना-800014, (बिहार)
Contact No.: 6287501813

ई-निविदा सूचना

राष्ट्रीय बीज निगम लि. (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, द्वारा दो बीड सिस्टम (तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड) में- जई, बरसीम, लूसर्न, चाइनीज कैबेज, राईसबिन, के प्रमाणित/सत्यापित एवं मसूर, मटर (दलहनी), चना, खेसारी एवं अलसी (तीसी), तोरिया, सरसों पीली सरसों एवं कुलथी के प्रमाणित बीजों को क्रय करने हेतु सरकारी/सहकारी संस्थाओं/प्रतिष्ठित बीज उत्पादनकर्त्ता संस्थाओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, **दिनांक 06.08.2026 समय 15:00 बजे** तक ही प्राप्त की जायेंगी। निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.indiaseeds.com, https://indiaseeds.enivida.com** पर उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार शुद्धिपत्र इत्यादि राष्ट्रीय बीज निगम लि. की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444.
FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2026/25 दिनांक : 23.07.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।

किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

नशामुक्ति की दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 22 जुलाई पुलिस द्वारा 15 से 31 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जा रहा है. जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है.

इसी कड़ी में एसडीओपी वैशाली कराहलिया एव टीआई वीरेंद्र सेन ने सांदीपनि ठाकुर लाल सिह उमावि बैरसिया में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई. अभियान के तहत विद्यार्थियों ने मैदान में नशा मुक्ति से जुड़ी एक विशेष आकृति बनाई, जिसे ड्रोन से देखने पर नशा मुक्त भारत का संदेश दिखाई दिया. इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य हरिनारायण मिश्रा , शिक्षक मदन गोपाल नामदेव सहित विद्यार्थी मौजूद थे.

ट्रक मालिक के साथ धोखाधड़ी, केस दर्ज

भोपाल. गौतम नगर इलाके में ट्रक मालिक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. तीन जालसाजों ने उनका ट्रक हड़प कर अन्य शख्स को बेच दिया. ग्राम खोखरी निवासी नफीस ने पुलिस को बताया कि पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही थी. इलाज के लिए उन्हें रुपयों की जरूरत थी. उनकी मुलाकात छोला रोड निवासी राजेश कुशवाह से हुई. राजेश ने नफीस को जिया उल इस्लाम और नईम नाम से मिलवाया. दोनों ने वाहन खरीदने की बात कही. करीब ढाई लाख रुपए नगद और किश्तें भरने का अनुबंध हुआ और वाहन दोनों को सौंपा गया. 11 फरवरी 2024 को आरोपियों ने वाहन को अपने पास रखा. कुछ महीने बाद दोनों ने वाहन का जीपीएस सिस्टम बंद कर दिया, जिससे वाहन की लोकेशन का पता नहीं लगा. किश्तें भी नहीं भरी. इसके नोटिस उन्हें मिले.

श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि, पंचम जिला न्यायाधीश, भोपाल, म.प्र.

(आदेश 5 का नियम 20)

जावक क्र. 732
दिनांक 20.07.2026

सपना ठाकुर ...आवेदिका

विरुद्ध

सर्वसाधारण ...अनावेदक

आवेदिका श्रीमती सपना ठाकुर पत्नी स्व. श्री सज्जन सिंह दांगी, आयु-40 वर्ष, निवासी-काबड़ मोहल्ला, वार्ड क. 03, पुरानी इटारसी नर्मदापुरम, म.प्र. ने अनावेदक सर्वसाधारण के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी.जी.डब्ल्यू-16/2026 संस्थित किया है. अनावेदक इस न्यायालय में तारीख 17.08.2026 को दिन में आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए समन किया जाता है. अनावेदक न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों या न हों, अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें. अनावेदक को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

श्रीमती नीलू, संजीव श्रृंगीऋषि, पंचम जिला न्यायाधीश, भोपाल, म.प्र.

HEG एचईजी लिमिटेड

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(₹ करोड़ में, प्रति शेयर आय को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	एकल				समेकित			
		30 जून 2026	31 मार्च 2026	30 जून 2025	31 मार्च 2026	30 जून 2026	31 मार्च 2026	30 जून 2025	31 मार्च 2026
		को समाप्त तिमाही			को समाप्त वर्ष	को समाप्त तिमाही			को समाप्त वर्ष
		अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1.	संचालनों से कुल आय	680.91	603.21	612.78	2,568.50	680.79	603.21	612.78	2,568.50
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों एवं सहयोगियों के लाभ/(हानि) के हिस्से के पूर्व)	151.79	(189.01)	92.42	246.40	134.58	(171.71)	104.99	288.86
3.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों एवं सहयोगियों के लाभ/(हानि) के हिस्से के पश्चात्)	151.79	(189.01)	92.42	246.40	165.08	(144.94)	121.33	404.37
4.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों एवं सहयोगियों के लाभ/(हानि) के हिस्से के पश्चात्)	109.50	(163.19)	71.80	180.72	122.34	(118.80)	99.81	337.97
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु लाभ/ (हानि) (कर पश्चात्) एवं अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल कर के)]	109.50	(164.67)	71.80	178.38	122.27	(115.37)	104.76	338.88
6.	समता अंश पूँजी	38.60	38.60	38.60	38.60	38.60	38.60	38.60	38.60
7.	संचित (पुनः मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त)	-	-	-	4,264.57	-	-	-	4,719.32
8.	प्रति अंश आय (₹ 2/- प्रत्येक) (जारी एवं बंद प्रचालनों हेतु) (तिमाही हेतु गैर वार्षिकृत)								
	मूलभूत (₹ में)	5.67	(8.46)	3.72	9.36	6.34	(5.90)	5.43	17.69
	तरल (₹ में)	5.67	(8.46)	3.72	9.36	6.34	(5.90)	5.43	17.69

टिप्पणी:

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com / www.nseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.hegltd.com) पर उपलब्ध हैं।
2. 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों में (i) एचईजी लिमिटेड ("होल्डिंग कंपनी"), (ii) पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी – टीएसीसी लिमिटेड, (iii) पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी– एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड, (iv) पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी – भीलवाड़ा इन्फोटेक्नोलॉजी लिमिटेड तथा (v) एसोसिएट कंपनी – भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड के लाभ में हिस्सेदारी एवं कुल व्यापक आय सम्मिलित है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही तथा 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के परिणामों में पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी – भीलवाड़ा इन्फोटेक्नोलॉजी लिमिटेड की सहयोगी कंपनी (13 नवंबर, 2025 तक) टेक्सनेरे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लाभ में हिस्सेदारी एवं कुल व्यापक आय भी सम्मिलित है।
3. उपर्युक्त अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों को 22 जुलाई, 2026 को अंकेक्षणक समिति द्वारा पुनर्विलोकन किया गया तथा निदेशक मंडल की आयोजित संबद्ध बैठकों में अनुमोदित किया गया। सांविधिक अंकेक्षकों ने उक्त परिणामों पर असंशोधित राय व्यक्त की है।

कृते **एचईजी लिमिटेड**
हस्ता/-
रवि झुनझुनवाला
अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआइएन: 00060972

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांक : 22 जुलाई, 2026

CIN: L23109MP1972PLC008290
पंजीकृत कार्यालय: मंडीदीप (भोपाल के निकट) जिला रायसेन-462046, (म.प्र.), फोन: 07480-233524 से 233527, 405500
कॉर्पोरेट कार्यालय: भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301, (उ.प्र.), फोन: 0120-4390300 (ईपीएबीएक्स); फैक्स: 0120-4277841
ई-मेल: heg.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइट: www.hegltd.com